53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.8°c
अधिकतम 33.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:01, सूर्यास्त - 6:29 | वर्ष : 53/अंक : 251 बृहस्पतिवार, 11 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिन्दगी की रेस में जो आपको दौड़कर नहीं हरा सकते, वो आपको तोड़कर हराने की कोशिश करेंगे।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पैसे की कमी से किसी गरीब के ईलाज में रुकावट नहीं आएगी : योगी



चिकित्सा व्यवस्थाओं का गुप-चुप निरीक्षण..भी होता रहना चाहिए...

# नीचता की हदें पार : दवा व्यापारी कर रहा था 3.50 करोड़ की नकली दवाईयों का कारोबार

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** कुछ लोगों को दूसरों की जिंदगी से खिलवाड़ करने में भी कोई शर्म नहीं आती। अपने घर का पेट भरने के लिए वे लाखों जिंदगियों से खिलवाड़ करने को तैयार रहते हैं। जिन दवाईयों को जीवन रक्षा के लिए बाजारों में बेचा जाता है, वही दवाईयां यदि कोई नकली बेचने लगे तो उससे अधिक नीचता शायद ही कोई और हो..। ऐसा ही एक मामला आयुष मैडिकोज एजेंसी के नाम से काम करने वाले तरुण गिरधर पुत्र स्व. सुरेन्द्र गिरधर का सामने आया है, जिसका जिला परिषद में ऊपरी मंजिल से यह सारा काला कारोबार चल रहा है। इतना ही नहीं शातिर तरुण ने अपनी पत्नी नितिका के नाम से 2018 में आयुष मैडिकोज के नाम से एक एजेंसी खोल रखी है। शातिर तरुण गिरधर गांधी कॉलोनी, गली नं. 9 से भी उक्त कारोबार को अंजाम देता था। आज बुधवार को सहारनपुर मण्डल के सहायक आयुक्त नरेश



मोहन दीपक, सहारनपुर मण्डल की सहायक आयुक्त दीपा लाल की टीम ने घर पहुंचकर छापामारी की जो जानकारी हासिल हुई कि शातिर ने घर पर ही लैपटॉप, मोबाइल व एजेंसी के अहम दस्तावेज घर पर ही रखे हुए थे और उक्त शातिर किसी राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गांधी कॉलोनी के साथ मिलकर नकली दवाईयों का कारोबार कर रहा था। पकड़ी गयी दवाईयों में वेटरिन-8 और 16 एमजी, रोजोवास 10 एमजी और एलेग्रा 120 एमजी की नकली दवाइयां खरीद रहे थे। यह दवाइयां उसे एमआरपी से 36 प्रतिशत कम की दर पर मिलती थीं, जिन्हें बाजार में विक्रय करने के बाद वह मोटा आर्थिक लाभ कमा रहा था। तरुण ने पूछताछ में बताया कि सभी दवाइयों को उसने आगरा की बंसल मेडिकल एजेंसी, ताज मेडिको तथा एमएसवी मेडी प्वाइंट से दवा खरीद रहा था। चार माह में वह 3.50 करोड़ रुपये की दवा खरीदकर बाजार में सप्लाई कर चुका है। मात्र चार माह में वह 3.50 करोड़ रुपये की दवा खरीदकर बाजार में सप्लाई कर चुका है। आरोपित को नई मंडी पुलिस के हवाले किया गया है, जबकि तरुण गिरधर का पार्टनर राहुल निवासी गांधी कॉलोनी, गली नं. 13 अभी फरार है। औषधि निरीक्षक पवन कुमार शाक्य की तहरीर पर नई मंडी पुलिस ने तरूण गिरधर के नकली दवा के सिंडिकेट माफिया एसएसवी मेडी प्वाइंट के मालिक सोहित बसंल पुत्र मुकेश बंसल, बंसल मेडिकोज एजेंसी के मालिक संजय बंसल पुत्र एसपी बंसल, ताज मेडिको के मालिक मुकेश बंसल पुत्र जगदीश प्रसाद बंसल निवासी नामनेर आगरा नगरा, थाना कमिश्नरेट के विरुद्ध नई मंडी थाने में अभियोग दर्ज कराया है। पकड़े गए व्यापारी से सीओ नई मंडी राजू साव ने भी पूछताछ की है।

## साजिश के तहत तरुण ने राहुल को दिये थे फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र

**मुजफ्फरनगर।** तरूण गिरधर की आंच गांधी कॉलोनी के साथ-साथ जिला परिषद् बाजार में भी जा पहुंची है। डीआई पवन शाक्य ने बताया कि उत्तरी गांधी कालोनी की गली नम्बर-13 में ही रहने वाले राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार के साथ दवा कारोबार में तरूण गिरधर पार्टनर है। तरुण इतना शातिर है कि राहुल के साथ मिलकर जिला परिषद मार्किट के प्रथम तल पर दुकान नं. 21 में आशुतोष फार्मा के नाम से दवा का कारोबार करा रहा था। तरुण ने राहुल को कूटरचित साजिश के तहत फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र दिया था, जिसके आधार पर लाइसेंस प्राप्त किया गया। बताया कि जांच में खुलासा होने पर विभागीय स्तर पर आयुष मैडिकोज और आशुतोष फार्मा का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस प्रकरण में तरुण गिरधर को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तरूण के साथ राहुल फरार है।

## आखिर पहले से क्यों नहीं खुलते इतनी बड़ी मात्रा में नकली दवाईयां बिकने के राज?

मुजफ्फरनगर। लगातार देखा जा रहा है कि जब करोड़ों की नकली दवाईयां आम आदमी के पेट में उतर जाती हैं, उसके बाद ही ये पर्दाफाश होते हैं कि इतने करोड़ की दवाईयां नकली बिक चुकी हैं। आए दिन जिला परिषद बाजार में छापामारी करने वाला औषधि विभाग आखिर यह क्यों नहीं जान पाता कि कहां-कहां नकली और अवैध धंधे चल रहे हैं, जबकि व्यापार मण्डल के कई पदाधिकारी औषधि विभाग की मदद करने तक को तैयार रहते हैं, इसके पीछे का क्या खेल है वह तो धीरे धीरे समझ आ जाएगा मगर आम जनता यही सवाल उठाती है कि आखिर मामूली सा एक दुकानदार नकली दवाईयां मात्र चार महीने में बेच देता है और आषधि विभाग को हवा तक नहीं आती। यदि औषधि विभाग को पहले से आ भी गयी थी तो फिर खामोश क्यों थी? इन सारे सवालों के जवाब भी कुछ दिनों बाद शायद सार्वजनिक होने की सम्भावनाएं जताई जा रही हैं। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो उक्त मामला लखनऊ में मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचा था, जिसके बाद ड्रग कंट्रोलर लखनऊ की टीम ने साथ मिलकर उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। ऐसा भी माना जा रहा है कि इस मामले में एक ड्रग अधिकारी को भी दाएं-बाएं किया जा सकता है।

## पत्नी नितिका ने दिया शपथ पत्र कि उसका सिर्फ नाम था, काम पति ही करते थे

**मुजफ्फरनगर।** बताया जाता है कि अधिकारियों ने पहले नितिका को गिरफ्तार करने की तैयारी की थी मगर नितिका से जब अधिकारियों ने बातचीत की तो नितिका ने साफतौर पर कहा कि सिर्फ फर्म का नाम उसके नाम पर है, बाकी कारोबार में शामिल उसके पति ही हैं। नितिका की बात पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिकारियों ने मौखिक बात न सुनकर नितिका से बाकायदा इस बात का शपथ पत्र लिया, उसके हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाया और वीडियो बनवाई। उसके बाद जाकर अधिकारियों ने तरुण गिरधर के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया।

# स्वास्थ्य विभाग टीम ने मारा लालूखेड़ी में छापा, हड़कंप

## एक अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, थाने में चार के खिलाफ दी तहरीर

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा के कड़े निर्देशों के बीच जनपद में चलाए गए छापामार अभियान के तहत बुधवार को पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विपिन कुमार ने गांव लालूखेड़ी थाना तितावी में स्थित आराध्या अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई, जिसके बाद विभागीय टीम द्वारा उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। उक्त छापेमारी के दौरान टीम को वहां पर राहुल शर्मा नामक एक व्यक्ति मौके पर अल्ट्रासाउंड करते हुए पाया गया, जबकि वह इसके लिए अधिकृत ही नहीं था। विभागीय टीम द्वारा पूरी छापेमारी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। बुधवार को सीएमओ सुनील तेवतिया के निर्देशन में बनाई गई टीम ने ग्राम लालूखेड़ी में छापेमारी करते हुए एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। स्वास्थ्य टीम की जांच के दौरान पकड़े गए उक्त राहुल शर्मा नामक व्यक्ति ने महत्वपूर्ण दस्तावेज, जिनमें पांच ओपीडी पर्चियां शामिल हैं, को गायब करने का प्रयास किया। छापामारी के दौरान उक्त सेंटर में पंजीकृत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार मौके से अनुपस्थित पाए गए। सेंटर का संचालन त्रिलोक चंद प्रसाद द्वारा किया जा रहा है। इस मामले में, सेंटर संचालक त्रिलोक चंद प्रसाद, चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार और अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड का संचालन कर रहे राहुल शर्मा के खिलाफ थाना तितावी में शिकायत दर्ज की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई जिला प्रशासन की लिंग चयन के खिलाफ छेड़ी जीरो-टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि भविष्य में भी ऐसी अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्थान के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई करने का अभियान जारी रहेगी।

**दर्द से परेशान - गठिया से सावधान**

क्या आपको कपड़े निचोड़ने में हाथों में दर्द होता है ? | क्या आपको आटा गूंथने में हाथों में दर्द होता है ?

यदि आपको डिब्बा खोलने/बन्द करने/ वाहन चलाने/लिखने/मोबाईल/ कम्प्यूटर चलाने या दैनिक क्रियाकलाप करने में अंगुलियों, कलाइयों, कोहनी या कन्धों में दर्द होता है, तो आपको गठिया हो सकती है।

- हाथों एवं पैरों की अंगुलियों में दर्द एवं हाथों में झनकार
- एड़ी में दर्द
- घुटनों में दर्द
- कूल्हों में दर्द
- कमर में दर्द
- कंधों में दर्द
- कोहनी में दर्द
- सूजन
- सुन्नपन
- लालिमा
- अकड़न
- लगातार बुखार
- कमजोरी
- नित्यकर्म करने में परेशानी
- चलना-फिरना उठना-बैठना तक मुश्किल होना

तो यह गठिया के लक्षण हैं।

उचित परामर्श एवं इलाज के लिए संपर्क करें

मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली से गठिया रोग विशेषज्ञ

**डॉ. आलोक कल्याणी**

MBBS, MD (Medicine)
AFIH Fellow
Sr. Consultant
Rheumatologist

रविवार, 14 सितम्बर 2025
सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
प्रत्येक माह के दूसरे रविवार

**हिन्द सुपर स्पेशियलिटी मेडीकेयर सेंटर**

मेन रोड नं.1, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर 7300535334

# सख्ती से चल रहा डंडा, प्रशासन ने अतिक्रमण करने वाले कपड़ा व्यापारियों के कपड़े उतरवाए

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** प्रशासन लगातार अब लगातार अतिक्रमणकारियों पर सख्त दिख रहा है। झांसी की रानी के आसपास की सड़कें तो खुली-खुली दिख रही हैं मगर अभी कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों की धींगामुश्ती जारी है। ऐसे में बुधवार को फिर एक बार अतिक्रमण कारियों को चेतावनी देते हुए दस फुट की दुकान के बाहर दस फुट का ही अतिक्रमण करने वाले कपड़ा व्यापारियों के प्रशासन ने बाहर टंगे कपड़े उतरवाए और सख्त चेतावनी दी कि अब ये धींगामुश्ती चलने वाली नहीं है। सम्भावना जताई जा रही है कि अब तीन दिन पूरे हो चुके हैं। आज से चेतावनी के दिन पूरे हुए, अब अतिक्रमणकारियों को सीधा चालान के पेपर दिये जाएंगे और शायद तभी इस शहर का कुछ सुधार हो सकेगा। बेशर्मी की हदें इतनी पार हैं कि लगातार चेतावनी देने के बाद भी आज भी अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद थे। सिर्फ फलों के ठेले वाले ही नहीं कपड़ा व्यापारियों ने दुनियाभर का अतिक्रमण किया हुआ था। आज अंतिम बार प्यार की भाषा में समझा दिया गया, आज गुरूवार से चालान की भाषा में पूरे शहर के अंदर अभियान चलाकर 1000 रुपये की रसीद थमा दी जाएगी। अब जो चाहे वह आराम से अतिक्रमण कर सकता है। अब देखना यह होगा कि उक्त अभियान कब तक चलता है, क्योंकि त्यौहार सिर पर हैं, इसलिए प्रशासन पूरी सख्ती के मूड में दिख रहा है। कहीं भी शहर के अंदर जाम न दिखाई दे जाए।





# ऑटो पार्ट्स की दुकान पर जीएसटी की छापेमारी

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** देर शाम खतौली के अशोक की लाट के निकट ग्रोवर ऑटो पार्ट्स पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी छापमारी चल रही है और छापे की पूरी कार्यवाही होने के बाद मीडिया को इस सम्बंध में सूचना दे दी जाएगी कि छापेमारी में क्या अनियमितताएं पाई गयी हैं और ग्रोवर ऑटो पार्ट्स की फर्म पर कितना जुर्माना लगाया गया है। फिलहाल अधिकारियों का बताना है कि लगातार उक्त फर्म से जीएसटी चोरी की सूचनाएं मिल रही थी, उसकी पुष्टि के लिए ही विभाग ने छापामारी की है।




# नेपाल के फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली से रवाना हुए विशेष विमान

**नयी दिल्ली, 10 सितंबर (वार्ता)** नेपाल में पिछले तीन दिनों से जारी हिंसा के कारण यहां फंसे नेपाली नागरिकों को लेकर एयर इंडिया और इंडिगो के विशेष विमान बुधवार को काठमांडू के लिए रवाना हो गए। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि काठमांडू हावाई अड्डा बंद होने के कारण भारत में फंसे नेपाली नागरिकों को आज एयर इंडिया और इंडिगो के विशेष विमानों से उनके देश भेजा गया है तथा आने वाले दिनों में ऐसी और उड़ानों का संचालन किया जाएगा। काठमांडू में आज शाम हवाई अड्डे पर फिर से सेवा बहाल कर दी गई। गुरुवार से भारतीय विमान सेवा कंपनियां दिल्ली और काठमांडू के बीच नियमित उड़ानों का संचालन करेंगी। एयर इंडिया ने आज बताया कि दिल्ली से एक विशेष उड़ान काठमांडू के लिए रवाना की गई तथा कल भी एक विशेष उड़ान वहां जाएगी और वापसी में वहां फंसे भारतीय यात्रियों को स्वदेश वापस लाएगी। इंडिगो और स्पाइसजेट के प्रवक्ताओं ने भी बताया है कि दिल्ली और काठमांडू के बीच उनकी नियमित उड़ानें कल से शुरू होंगी। इससे पहले, मंगलवार और बुधवार को दिल्ली और काठमांडू के बीच सभी उड़ानें रद्द रही थीं। काठमांडू में जारी भारी हिंसा के मद्देनजर वहां हवाई अड्डा बंद कर दिया गया था। श्री नायडू ने विमान सेवा कंपनियों से अपील की है कि वे लोगों की मजबूरी का फायदा न उठाएं और किराए में बेतहाशा वृद्धि न करें।

# काठमांडू में फंसे मुजफ्फरनगर के सभी दस लोग सुरक्षित, वीडियो हुआ जारी

## राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने की विदेश मंत्रालय से बात

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** भाजपा नेता सुनील तायल समेत 10 लोग नेपाल के आपदा प्रभावित काठमांडू क्षेत्र में फंसे हुए हैं। वहाँ आगजनी और तोड़फोड़ हो रही है। उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्र से निकलवाकर भारत वापसी कराने के लिए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिलाधिकारी और विदेश मंत्रालय से फोन पर संपर्क किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभी तक जानकारी के अनुसार भाजपा नेता सुनील तायल के साथ ही दस लोगों के नेपाल में हिंसाग्रस्त क्षेत्र में फंसने की सूचना मिली है। इनमें कई लोग एक ही परिवार के बताये जा रहे हैं। मंत्री कपिल देव के अनुसार ये सभी लोग नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के साथ ही अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के लिए तीर्थ यात्रा पर गये हुए हैं। इनमें सचिन गुप्ता व आशु गुप्ता निवासी प्रेमपुरी, प्रवीण गुप्ता निवासी नवाब गंज पश्चिमी, सुशील त्यागी नया अलमासपुर, भोपाल सिंह एटूजेड ग्रीन स्टेट कॉलोनी, पवन कुमार इन्दिरा कॉलोनी, वरुण धनगर इन्द्रप्रस्थ कालोनी रेशू विहार, सुनील तायल आत्मकुंज कॉलोनी जानसठ रोड के साथ ही कुलदीप सिंह बिजनौर और अजय जैन बड़ौत शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि इसके लिए विदेश मंत्रालय में भी बात कर इनका रिकॉर्ड दिया गया है। वहां से सरकार लगातार नेपाल में फंसे भारतीयों को वापसी सुरक्षित लाने की तैयारियों में जुटी है। भाजपा नेता सुनील तायल ने नेपाल के होटल के कमरे से वीडियो संदेश जारी करते हुए भगवान पशुपतिनाथ के साथ ही दूसरे धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आये थे। सुनील तायल ने अपने गाइड थापा की सूझबूझ की प्रशंसा करते हुए बताया कि शाम के समय जब अचानक ही हालात बिगड़े तो वो बाजार में थे, अचाकन ही गोलीबारी, आगजनी और लूटपाट की वारदातें होने लगी। इस अराजकता को स्वयं हमने अपनी आंखों से देखा है। दुकानों को आग लगाई गई और गोलाबारी से दहशत फैलाई। किसी तरह से छोटी गलियों से निकालकर गाइड थापा ने उनको होटल तक सुरक्षित पहुंचाया। सुनील तायल ने बताया कि नेपाल में लगातार हालात बिगड़ रहे हैं, लेकिन वो सभी सुरक्षित हैं। परिजनों को घबराने की जरूरत नहीं हैं। उन्होंने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि नेपाल के हालातों को देखते हुए उनके साथ ही यहां पर फंसे अन्य भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश वापसी के तात्कालिक प्रबंध किये जायें।





# छपार हाइवे पर टायर फटने से हादसा, पांच घायल

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर के छपार हाइवे पर बुधवार को उस समय हड़कम्प मच गया, जब एकाएक एक स्वीफ्ट कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टायर फटने की आवाज आते ही पहले लोग दहशत में आ गए उसके बाद जब गाड़ी की हादसे की जोरदार आवाज सुनी तो मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। जानकारी पता करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त गाड़ी दिल्ली के कृष्णानगर से आ रही थी, जिसमें आकाश ठाकुर अपनी पत्नी प्रिया और पुत्री सोनम के साथ हरिद्वार जा रहे थे। कार में अन्य रिश्तेदार के रूप में मेरठ के टीपीनगर निवासी यशोदा और उनका बच्चा गिन्नी भी सवार था। दुर्घटना के बाद घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने भयंकर क्षतिग्रस्त कार को छपार थाने में खड़ा करा दिया है।



**S.D. COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY**

**THE S.D. DEGREE COLLEGE**

B.TECH
CS | AI | IT
EC | ME | EE | CE
MBA
DIPLOMA
M.TECH

B.A
B.SC
B.COM
BCA*

JANSATH ROAD MUZAFFARNAGAR (UP)

9258256931-39







# ईश्वर की प्रार्थना करने जैसी है मंदबुद्धि, मूकबधिर बच्चों की सेवा : अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** जानसठ रोड स्थित आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान में दिव्यांग बच्चों के उपहार वितरण के भारत विकास परिषद संकल्प के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि यह प्रयास सिर्फ सराहनीय ही नहीं बल्कि ईश्वर की प्रार्थना जैसा है। बुलेटिन सम्पादक ने कहा कि मंदबुद्धि व मूकबधिर बच्चों को जो शिक्षिकाएं शिक्षा दे रही हैं, सबसे पहला पुण्य उन्हें मिलेगा। शायद ईश्वर की प्रार्थना करने में भी वो पुण्य ना मिले जो ऐसे बच्चों की सेवा करने में प्राप्त होता है। बुलेटिन सम्पादक ने कहा कि पुण्य की परिभाषा का आंकलन सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं लगाया जा सकता। आपका जीवन सुखमय हो, यह भी पुण्य की शानदार परिभाषा है। सिर पर छत, सामान्य जीवन जीवन जीने के लिए हरेक प्रकार की सुविधा होना ही अपने आपमें ईश्वर का दिया आशीर्वाद है, मगर हम सब रुपये, पैसे से इन बातों की तुलना करने लगे हैं। कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद संकल्प द्वारा इंजी. लोकेश चन्द्रा की अध्यक्षता में बच्चों को उपहार स्वरूप खाद्य पदार्थ के पैकेट सौंपे गए। इस अवसर पर शिशुकान्त गर्ग एड., शशिकान्त मित्तल एवं कमल गोयल ने संस्था की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। बुलेटिन सम्पादक द्वारा गुप्त रूप से इन बच्चों की आर्थिक मदद की घोषणा की गयी। कार्यक्रम के दौरान संस्था को शशिकान्त मित्तल एवं कमल गोयल प्रान्तीय दायित्वधारियों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संकल्प शाखा के सदस्य मनोज अग्रवाल द्वारा बच्चों के लिए कक्ष निर्माण कराने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु स्वरुप अग्रवाल, जगदीश पालीवाल, अवनीश गोयल, सीए नितिन गर्ग, अरुण राजवंशी, राजेश मोहन गोयल, अनुज माहेश्वरी, संजय त्यागी, श्याम लाल जी-वरिष्ठ समाज सेवी, रामबीर सिंह, ब्रज मोहन शर्मा, अंजुल अग्रवाल, शिवानी, रीना, जीवनी, शर्मिष्ठा, मीना, शारदा आदि का विशेष सहयोग रहा।



# ट्रैफिक विभाग की तानाशाही होगी खत्म चौराहे पर किसी को घेरकर नहीं काटा जाएगा चालान

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** सत्ता संभालने के 10-10 साल बाद शायद सरकार अब धीरे-धीरे जाग रही है। जैसे केंद्र सरकार को 11 साल बाद अंदाजा हुआ कि जीएसटी की दर घटनी चाहिए, अब उत्तर प्रदेश सरकार को यह अंदाजा हो रहा है कि ट्रैफिक पुलिस ने किस तरह से पूरे प्रदेश में शहर के चौराहों पर आम आदमी से अच्छा व्यवहार करना खत्म कर दिया था, यहां तक की ट्रैफिक पुलिस मोटरसाइकिल हो या गाड़ी यह भी नहीं देखते थे कि वाहन स्वामी के साथ उसका पूरा परिवार है, उसके सामने उसकी बेइज्जती ना की जाए। उक्त सारी बातें हम नहीं कह रहे हैं, स्वयं यातायात एवं सड़क सुरक्षा निदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के सत्यनाराणा ने पत्र जारी किया, जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि उनके संज्ञान में आया है कि चौराहों पर चार पांच यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी एक ही जगह लगी रहती है, जैसे ही दूसरे जनपद की गाड़ी आती दिखाई देती है तो उस पर एक साथ टूट पड़ते हैं। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा यह तक देखा नहीं जाता कि उस वाहन में बच्चे, महिला, बुजुर्ग, चिकित्सक यात्रा कर रहे हैं। उन पर सब एक साथ टूट पड़ते हैं तथा चौराहों पर स्थापित कैमरों को भी नजरअंदाज करके कार्यवाही की जाती है। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा किये जा रहे उपरोक्त प्रकार के कृत्यों से आमजन के बीच पुलिस की छवि धूमिल हो रही है। इसलिए आदेश जारी किये जा रहे हैं कि कोई भी प्रदेश से बाहर का वाहन आए तो चालकों के साथ अच्छा व्यवहार करें, दुर्व्यवहार कदापि न करें। यदि किसी यातायात पुलिसकर्मी द्वारा दुर्व्यवहार की कोई शिकायत मिलती है तो यातायात पुलिसकर्मी के विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी। आपको बता दें कि पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में यही धींगामुश्ती जारी थी, जिसमें मुजफ्फरनगर नम्बर-1 पर था। कई बार भाजपा नेताओं के साथ मुजफ्फरनगर में ही बदसलूकी की घटनाएं हुई हैं। हाल ही में कुछ माह पहले चुंगी नंबर 2 के चौराहे पर पुलिस ने सारी ही हदें पार कर दी थी और यह पहली बार नहीं हुआ था कई बार भाजपाइयों ही नहीं आम आदमी के साथ भी ट्रैफिक विभाग चालान काटने के नाम पर बदसलूकी की, मगर अब सरकार ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अपना आचरण सुधारने के निर्देश दिए हैं।


ई-मेल
यातायात निदेशालय, उत्तर प्रदेश
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग) चतुर्थ तल, टावर- 4, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ
ई-मेल: dirtraffic@nic.in दूरभाष-0522-2390468, 9454402555 फैक्स-0522-2724054
पत्र संख्या: डीटी-03-2025 [illegible] दिनांक: सितम्बर 08, 2025
सेवा में,
समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
[illegible]
2- उल्लेखनीय है कि यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा किये जा रहे उपरोक्त प्रकार के कृत्य से आम जनमानस में पुलिस की छवि धूमिल होती है।
3- [illegible]
(के० सत्यनारायणा)
निदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक
यातायात एवं सड़क सुरक्षा,
उत्तर प्रदेश।
प्रतिलिपि- निम्नलिखित अधिकारी को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक,
3. समस्त पुलिस उपायुक्त, यातायात, कमिश्नरेट, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, उत्तर प्रदेश।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री युक्ति के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7637, दिनांक 15/7/2022 में गलती से पिता का नाम मोन्टी राठी अंकित करा दिया गया था। जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम मोन्टी है और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन- पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- मोन्टी
ग्राम- अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा
खतौली, मुजफ्फरनगर
मो. 8077184610

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम (VAGESH CHAND) से बदलकर (VAGISH CHANDRA SHARMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

वागीश चन्द्र शर्मा
पुत्र स्व0 ताराचन्द शर्मा
163/1, आत्मकुंज कॉलोनी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सात्विक मलिक के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 666, दिनांक 18/1/2016, तथा पुत्री काव्या मलिक के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 10762, दिनांक 21/11/2017 में गलती से पिता का नाम धीरज मलिक अंकित करा दिया गया है, जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम धीरज कुमार है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

धीरज कुमार
322, दक्षिणी कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर
मो. 9756156205

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रीना वर्मा (REENA VERMA) से बदलकर रीना (REENA) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

रीना पत्नी श्री अमित कुमार
13, नवाब गंज पश्चिमी, पंचमुखी
मुजफ्फरनगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र यश पंवार की माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की मुख्य संस्थागत परीक्षा वर्ष 2023, अनुक्रमांक 1230542948 के प्रमाण-पत्र-सह-अंक-पत्र में त्रुटिवश माता के नाम की स्पेलिंग रीतू (REETU) दर्ज है, जो कि गलत है। मेरे नाम अर्थात माता का सही नाम रीतू (RITU) है, जो कि सही है। मेरा वास्तविक नाम रीतू (RITU) ही माना व पहचाना जाये।

रीतू पत्नी श्री अनुज कुमार
ग्राम-बढ़ेडी, तहसील-सदर
जिला-मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# पत्नी की सड़क पर पिटाई, वीडियो हुआ कैमरे में कैद


पीड़ित के पिता जानकारी देते हुए

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बुस.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के प्रकाश चौक पर एकाएक उस समय हड़कम्प मच गया, जब एक पति ने पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी की पिटाई कर दी, मगर पिटाई के दौरान पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जाता है कि पत्नी मेघना पुत्री सुखबीर सिंह की शादी 2005 में आरोपी पति के साथ हुई थी। दोनों के बीच लम्बे समय से विवाद चलने के साथ-साथ उक्त मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मेघना कोर्ट में तारीख पर जा रही थी, इसी दौरान पति ने उसे प्रकाश चौक पर देखते ही लात-थप्पड़ और घूसे मारने शुरू कर दिये। शर्मनाक बात यह है कि महिला को पिटता देखकर आसपास के लोग सिर्फ तमाशबीन बने रहे। किसी ने जरा भी पति का विरोध नहीं किया और एक व्यक्ति द्वारा बीच बचाव कराया गया। इसी बीच पति मौका देखकर फरार हो गया। घायल मेघना को स्थानीय लोगों द्वारा ही जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया तथा थाना सिविल लाइन पुलिस ने मेघना का बयान लेकर जान मारने की धमकी व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया व पति की तलाश शुरू कर दी है।



# आर्य एकेडमी के छात्र सात्विक मलिक ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बुस.)।** आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के 6 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हाल ही में तमिलनाडु राज्य के चेन्नई शहर में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025-26 में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ-साथ राज्य एवं अपने जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कक्षा चार के सात्विक मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने निकट प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस सफलता के पीछे उनके कोच मिस पिंकी की मेहनत और सही प्रशिक्षण पद्धति रही। इस स्वर्णिम जीत पर छात्र के अभिभावकों की भूमिका भी सराहनीय रही। स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सात्विक मलिक को जिला मजिस्ट्रेट ने भी प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय स्तर पर अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सात्विक मलिक का चयन एशियन गेम्स चीन के लिए हुआ, जो दिसंबर 2025 में आयोजित होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित नीरज बालियान, संदीप मलिक, अजय पंवार, एवं दुष्यंत त्यागी ने सभी 6 राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया। संस्था के प्रबंधक सुघोष आर्य ने सात्विक मलिक को प्रोत्साहन राशि का चेक देते हुए शुभकामनायें दी एवम् प्रधानाचार्या सोनिका आर्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कार और बाइक की भीषण भिड़ंत, तीन घायल

**भोपा, 10 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर कार और बाइक की भीषण भिड़ंत में बाइक सवार और कार में सवार अध्यापक और महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया। कार सवारों ने बाइक सवार की लापरवाही से कार में टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर निरगाजनी पावर हाउस के पास गांव रहमतपुर में स्थित एक निजी विद्यालय से कार में सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे अध्यापक और बाइक पर सवार होकर बसेड़ा लौट रहे युवक की बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार युवक और कार में सवार अध्यापक हरेंद्र और पिंकी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अध्यापक हरेंद्र ने अज्ञात बाइक सवार पर लापरवाही से बाइक चलाकर गाड़ी में सामने से टक्कर मारकर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नेपाल- पूर्व पीएम प्रचंड की बेटी के घर से शव बरामद

## - अब तक 27 उपद्रवी गिरफ्तार, सुप्रीम कोर्ट में खाक हुई 25 हजार फाइलें

**काठमांडू, 10 सितंबर (एजेंसी)।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन का आज तीसरा दिन है। हिंसक प्रदर्शन रोकने के लिए सेना ने मंगलवार रात 10 बजे से पूरे देश का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया है। इसके बाद भी कई इलाकों में हिंसा जारी है। आज सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण अधिकारी ने बताया कि शव ढोलाहिटी में स्थित गंगा के आवास से मिला। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार शाम को सुप्रीम कोर्ट में आग लगा दी थी, जिसके चलते 25 हजार से ज्यादा केस फाइलें राख में बदल गईं। वहीं, आज सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 24 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। आंदोलनकारियों ने कल नेपाल के 3 प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खलान और पुष्प कमल दहल प्रचंड के घर में आग लगा दी। पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगाने से उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा। आपको बता दें कि नेपाल में जारी हिंसक आंदोलन के बीच अब नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपनी करियर शुरू किया था। वें 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रहीं थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पर पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप का आरोप लगा था।



## समाजवादी पार्टी ने वैष्णो देवी श्रद्धालुओं के मृतक परिजनों को दी सहायता राशि

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी सपा विधायक पंकज मलिक राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा सहित पदाधिकारियों ने तीन परिवारों को सहायता दी। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक द्वारा माता वैष्णो देवी श्रद्धालुओं की प्राकृतिक आपदा से मृत्यु की जानकारी सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देने तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आज चरथावल विधानसभा विधायक पंकज मलिक व सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने मृतक श्रद्धालुओं के परिजनों के बीच पहुंचकर उनको सांत्वना देने तथा सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सांत्वना संदेश देने के साथ साथ तीनों परिवारों को पचास, पचास हजार की सहायता राशि सौंपी। चरथावल विधानसभा विधायक पंकज मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी दुखद घटना में मृतकों व घायलों के परिजनों के साथ है तथा हर संभव सहायता से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि चरथावल क्षेत्र के चौथे मृतक श्रद्धालु के परिवार से भी मिलकर उनको सहायता राशि देंगे। इस दौरान समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव नौशाद अली, प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर, प्रदेश सचिव सुखपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी, पवन बंसल, शमशेर मलिक, आमिर कासिम एडवोकेट, पूर्व महानगर अध्यक्ष वसी अंसारी आदि मौजूद रहे।













# श्याम परिवार सुखी परिवार की शोभायात्रा में नरसिंह अवतार, हनुमान अवतार, नंदी पर बैठे शिव ने नगरवासियों को किया मंत्रमुग्ध

## - मंत्री कपिल देव व बुलेटिन संपादक ने किया शोभायात्रा का पूजा के साथ शुभारंभ





**- हारे का सहारा, श्याम बाबा हमारा के जयकारों से गूंजा शहर**
**- आतिशबाजी व ढोल की थाप पर जमकर थिरके श्याम प्रेमी**
**- जगह-जगह किया गया भक्तों को प्रसाद का वितरण**



**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** श्री श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा बुधवार को नई मंडी एवं शहर क्षेत्र में डीजे की मधुर धुनों पर रंग-बिरंगे गुलाल उड़ाते व श्याम नाम की मस्ती में झूमते-नाचते तमाम श्रद्धालु श्री श्याम बाबा का गुणगान करते हुए जब नगर की सड़कों से होकर गुजरे, तो हर कोई बाबा खाटू श्याम के अलौकिक दर्शन करने के साथ झूम उठा। इस दौरान ढोल ताशे की ताल पर आम ओ खास बाबा की मस्ती में झूमता दिखाई दिया। इस दौरान यात्रा मार्ग पर हर ओर दिनभर शीश के दानी, तीन बाण धारी, हारे का सहारा, श्री श्याम बाबा हमारा व जय श्री श्याम के जयकारे गूंजते रहे। उधर, शोभायात्रा में शामिल होने को आने वाले श्याम भक्तों की सेवा के लिए आयोजन समिति के साथ समाजसेवी संस्थाओं की ओर से प्रसाद वितरण एवं भंडारे लगाये गए, जिसमें भक्तों ने भंडारा ग्रहण किया। बुधवार को श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से 38वां श्री श्याम वंदना महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस दौरान माता वाला मंदिर (छारिया मंदिर) निकट स्वीट कॉर्नर बिंदल बाजार नई मंडी से प्रारंभ हुई श्री श्याम बाबा की शोभायात्रा का शुभारंभ सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, समाजसेवी भीम कंसल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी एवं व्यापारी नेता संजय मितल ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजन करके किया। इस दौरान अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, अरविंद बंसल, अरुण गर्ग पेपर वाले, अंकित गर्ग चावल वाले, राजेंद्र गुप्ता, विशाल गर्ग, संजीव अग्रवाल, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, सुखबीर सिंह आदि ने पूजन अर्चना करते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण के केंद्र स्वर्ण रथ पर बाबा श्याम भव्य फूलों के श्रृंगार में सवार हो कर भक्तों को दर्शन दे रहे थे, वहीं बाबा की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु घंटों तक इस बीच इंतजार करते दिखाई दिए। भव्य शोभायात्रा में मुख्य रूप से तीन बैंड, दो डीजे, आठ झांकी, ढोल एवं नासिक ढोल पार्टी नगर वासियों का मन मोह रही है। इस दौरान सभी नगरवासियों द्वारा बाबा श्री श्याम का भव्य स्वागत किया। नई मंडी में प्रियांशु बंसल ने बाबा का जोरदार स्वागत करते हुए शोभायात्रा को और भी ज्यादा विशेष बना दिया। इस दौरान नई मंडी एवं नगर क्षेत्र में बाबा श्याम के प्रेमियों द्वारा शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की खान-पीने के साथ प्रसाद के स्टाल लगाए थे। शोभायात्रा में धर्म प्रेमियों की ओर से कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की गई। नगर की हृदयस्थली शिवचौक पर स्वागत की विशेष व्यवस्था किए जाने के साथ ही यहां पर आतिशबाजी की गई। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से शुाभायात्रा में मुख्य रूप से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन सागर गर्ग, विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग, संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल, प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग के अलावा एकादशी सदस्य उपस्थित रहे।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रम्प की भाषा, पल में तोला-पल में माशा

भारत-अमेरिका ट्रेड डील बातचीत और टैरिफ टेंशन के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है, उन्हें पूरा विश्वास है कि वॉशिंगटन और दिल्ली के बीच चल रही बातचीत जल्द किसी बेहतर नतीजे पर पहुंचेगी। ट्रम्प ने कहा कि वे सभी तरह के ट्रेड बैरियर खत्म करने के लिए आने वाले हफ्तों में प्रधानमन्त्री मोदी से बात करेंगे। ट्रम्प ने टुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच ट्रेड बैरियर को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। आने वाले हफ्तों में मैं अपने बहुत अच्छे दोस्त, पीएम मोदी से बात के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों महान देशों के लिए एक सफल नतीजे पर पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। ट्रम्प की यह भाषा उनकी स्वभाव के अनुकूल है। अधिकतर अमेरिकी पत्रकार, अमेरिकी राजनैतिक विश्लेषक, अमेरिकी बुद्धिजीवी भी यही कहते हैं कि ट्रम्प सुबह क्या कह दें और फिर शाम को उसी बयान से पलट जाएं कोई नहीं जानता। ट्रम्प का स्वभाव है पल में तोला-पल में माशा। अपने बयान पर कायम रहना ट्रम्प का स्वभाव नहीं है। ट्रम्प के इस पोस्ट के करीब 5 घंटे बाद पीएम मोदी ने भी एक एक्स पोस्ट में लिखा कि भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त और नेचुरल पार्टनर हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी ट्रेड नेगोशिएशन भारत-अमेरिका पार्टनरशिप के असीमित संभावनाओं को खोलने का रास्ता बना देगी। हमारी टीमें इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए मेहनत कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करने का भी इंतजार कर रहा हूं। हम साथ मिलकर दोनों देशों के लोगों के लिए एक बेहतर और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेंगे। इससे पहले 6 सितंबर को ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में भारत-अमेरिका संबंधों को बहुत ही खास रिश्ता कहा था। उन्होंने कहा था कि वे और पीएम मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे। उन्होंने कहा था कि मैं हमेशा तैयार हूं, मैं हमेशा पीएम मोदी का दोस्त रहूंगा। वह एक महान पीएम हैं। उनकी दोस्ती हमेशा रहेगी, लेकिन इस समय वह जो कर रहे हैं, वो सब मुझे पसंद नहीं आ रहा है। भारत और अमेरिका के बीच एक बहुत ही खास रिश्ता है। चिंता की कोई बात नहीं है। दोनों के बीच कभी-कभी कुछ पल ऐसे भी आते हैं। दोनों देशों की टीमें एक बेहतर ट्रेड डील पर पिछले 6 महीने से बात कर रही हैं। इससे एक दिन पहले 5 सितंबर को एससीओ समिट में पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी प्रेसिडेंट जिनपिंग को एक साथ देखकर ट्रम्प ने कहा था कि रूस और भारत अब चीन के पाले में जा चुके हैं। उन्होंने टुथ सोशल पर लिखा था, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के खिलाफ दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया। उन्होंने ब्राजील पर भी उतने ही ऊंचे टैरिफ लगाए। ब्राजील के अधिकारियों पर प्रतिबंध और वीजा प्रतिबंध लगाए गए। दक्षिण अफ्रीका को 30 प्रतिशत टैरिफ, विदेशी सहायता बंद और सरकारी अधिकारियों पर संभावित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इसने इन देशों में अमेरिका के लिए गुस्सा भर दिया है। अमेरिका ही में कहा जा रहा है कि ट्रम्प की नीतियों का कोई रणनीतिक औचित्य नहीं है। इनसे यह हुआ कि इन देशों ने अमेरिका से दूरी बनाई है। दूसरी ओर चीन इन देशों को लुभा रहा है। चीन ने ब्राजील के साथ अटलांटिक तट को पेरू के प्रशांत तट से जोड़ने वाले रेलवे नेटवर्क की योजना तैयार की है। चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग सात साल बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश बुलाने में कामयाब रहे हैं। व्यापार और सहायता के जरिए दक्षिण अफ्रीका को भी चीन ने लुभाया है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बेहतर डील के लिए कठोर बातें करना पसंद करते हैं। हालांकि सच यह है कि उनकी नीतियां जमीनी स्तर पर दुख पैदा कर रही हैं, इसे लोगों की नौकरियां जा रही हैं। इन देशों को हमेशा यह ख्याल रहेगा कि वॉशिंगटन उनके साथ कितना खराब व्यवहार कर सकता है। वहाँ लिखा जा रहा है कि इन दिनों अमेरिकी विदेश नीति एक व्यक्ति के बेतरतीब अपमानों, उपेक्षाओं और वैचारिक जुनून का संग्रह है। आम तौर पर ट्रम्प को छोटे देश पसंद हैं, जिन पर वे धौंस जमा सकें या फिर ऐसे वैचारिक आत्मीय साथी जो उनके साथ घुल-मिल जाएं। उन्हें बड़े अव्यवस्थित लोकतंत्रों से निपटना पसंद नहीं है, जिनकी अपनी आंतरिक गतिशीलता, स्वाभिमान और राष्ट्रवाद हो। ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने अल सल्वाडोर, हंगरी, पाकिस्तान और खाड़ी के राजशाही वाले देशों के एक समूह से दोस्ती कर ली है। दूसरी ओर भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मेक्सिको, कनाडा और यूरोप के अधिकांश देशों के साथ ट्रम्प की ठनी हुई है। इन देशों पर ट्रम्प का गुस्सा अब और ज्यादा निकल कर सामने आ रहा है। ट्रम्प कह रहे हैं कि चीन, रूस और उत्तर कोरिया अमेरिका के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। हालांकि उनकी नीतियों के प्रभावों पर विचार करें तो यह कहना ज्यादा सही होगा कि पिछले कुछ महीनों में ट्रम्प खुद ही कई दफा अमेरिकी हितों और मूल्यों को कमजोर करते हुए नजर आए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते कुछ समय में कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए हैं। इससे एक महत्वपूर्ण बदलाव दुनिया में देखने को मिला है। हालिया महीनों तक अमेरिका के मित्र रहे देश, चीन की ओर ओर झुक रहे हैं। इसका उदाहरण इस महीने की शुरूआत में चीन में देखा गया। एससीओ समिट में पीएम नरेन्द्र मोदी पहुंचे, तो बीजिंग में सैन्य विशाल सैन्य परेड में रूस, ईरान, उत्तर कोरिया के नेता एकजुट दिखे। कई पत्रकारों ने लिखा कि यह डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति की नाकामियों को दिखाता है। वॉशिंगटन पोस्ट के एक लेख में लिखा गया, एससीओ समिट में चीन ने भारत, तुर्की, वियतनाम और मिस्र जैसे देशों के नेताओं की मेजबानी की। इन सभी देशों को कुछ महीने पहले तक आमतौर पर बीजिंग की तुलना में वॉशिंगटन के करीब माना जाता था। ट्रम्प के टैरिफ और आक्रामक बयानबाजी ने इनको अमेरिका से दूर और चीन की ओर धकेल दिया है। ट्रम्प का यह तरीका यह आधुनिक विदेश नीति का सबसे बड़ा आत्मघाती हमला हो सकता है। ब्रिक्स की बात की जाए, तो इस गुट के पांच प्रमुख देशों, ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका में से ब्राजील,भारत और दक्षिण अफ्रीका के अमेरिका से अच्छे संबंध रहे हैं। आमतौर पर इस संगठन को अमेरिका, विरोधी समूह में बदलने के रूस और चीन के प्रयासों का यह देश विरोध करते हैं। दशकों से वॉशिंगटन इन तीनों देशों के साथ संबंध बना रहा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दिन' 'रात' 'नाज' 'खूबी'

मैं दिन को रात कहता हूँ, तो वो भी रात कहते हैं,
मुझे है नाज चमचों पर,मैं उनसे खुश भी रहता हूँ।
जो खूबी अपने दल में है,किसी में भी नहीं मिलती,
वो सारे झूट कहते हैं,अगर मैं झूट कहता हूँ।





# समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान का जनपद में आगाज

मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)। यूपी में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के अंतर्गत बुधवार को मेरठ रोड पर स्थित आईटीआई कॉलेज में प्रथम दिन दो पालियों में जिले के आम-ओ-खास के लिए विशेष संवाद एवं विचार-मंथन कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों, व्यापार संगठनों एवं औद्योगिक संगठनों तथा वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद करते हुए विचारों को संकलित किया जाए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी आयुक्त सहारनपुर मंडल एवं प्रबुद्धजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत डीएम उमेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रथम दिवस राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त प्रबुद्धजन सेवानिवृत आईएएस चौबे सिंह वर्मा, सेवानिवृत्त आईपीएस रंजन द्विवेदी, प्रो. सुनीता शर्मा, प्रोफेसर व हैंड कृषि विज्ञान केंद्र हंसराज सिंह, सेवानिवृत्त लोक निर्माण सलेक चंद्र ने अपने विचार व्यक्त कर विकसित उत्तर प्रदेश 2047 तक और कैसे बेहतर कार्य कर बनाया जा सकता है इस पर जोर दिया। इस बीच प्रबुद्ध जनों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य के प्रति अन्य कार्यों से सीएमओ ने अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल (प्री प्राइमरी से कक्षा 12वीं तक लागत 23.89 करोड़) से होने वाले अत्याधुनिक स्मार्ट शिक्षा, खेलों का विकास की जानकारी एवं कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत करते हुए कक्षा 6 से 12वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा की सुविधा एवं शिक्षा में निरंतर प्रगति पर चर्चा की गई। वहीं लोक निर्माण विभाग की योजनाओं के अंतर्गत सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, गड्ढा मुक्त अच्छी टेक्नोलॉजी से जोड़े जाने के साथ 125 आबादी वाले गांव को मैन रोड से जोड़ने की बात की गई। वहीं ग्राम नंगला में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराए जाने के साथ ही पुलिस विभाग में संचालित योजना मिशन शक्ति, 112 नंबर, एंटी रोमियो, ऑपरेशन त्रिनेत्र, ऑपरेशन पहचान, साइबर अपराध, यातायात प्रबंधन, आदि योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षा सुविधाए दिए जाने की जानकारी दी गई। द्वितीय पाली में व्यापारी संगठन एवं औद्योगिक संगठन, उपायुक्त उद्योग विभाग द्वारा ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की जानकारी के साथ एमडीए सचिव ने विभिन्न योजनाओं में कराए विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। जनपद के नोडल अधिकारी मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि अभियान का उद्देश्य आम लोगों से यह जानना है कि वर्ष 2047 तक यूपी का विजन कैसा होना चाहिए। इसी आधार पर शासन ने प्रबुद्धजनों को जिले में भेजा है ताकि हर वर्ग से सुझाव प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे बीच जो प्रबुद्ध वर्ग यहां पर उपस्थित है वह कैसे इस प्रदेश को विकसित और समर्थ प्रदेश बनाया जाए। इसके लिए जो रोड मैप है उस रोड मैप को समृद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित प्रदेश या देश के लिए 3 जरुरी चीज हैं, जिनमें एक तो सस्टेनेबल इकोनामी, दूसरा इंफ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट और तीसरा जो आम नागरिक है उसे एक उन्नत जीवन शैली प्राप्त हो, जिसमें उसको मानवीय गरिमा के साथ उसकी जीवन जीने का पूरा अधिकार हो। हम पूरे विश्व में आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत शीघ्र ही हो सकता है कि 2026 तक या 2025 के अंत तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते है।डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश@2047 को साकार करने की दिशा में जनपद के विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करन व नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुये जनपद के नागरिकों को विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुए गर्व की भावना को विकसित करना है। इस दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, बीएसए संदीप कुमार, एमडीएस सचिव, उपयुक्त उद्योग जैस्मिन समेत अन्य अधिकारी, उद्यमी मौजूद रहे।

## व्यापारियों की समस्या निदान को सौंपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन

### - जीएसटी की दरों में जरुरी सुधार कराए जाने की उठाई मांग



मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष मुकुंद मिश्रा को जिले के व्यापारियों ने व्यापार में आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए इनके निदान कराए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में उन्नत बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प में देश का व्यापारी भी आपके साथ है। उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कर व्यवस्था सुधारने के प्रयासों को स्वागत योग्य बताते हुए व्यापार से जुड़ी कुछ ज्वलंत समस्याओं के निदान कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक कंसल एवं नगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल व महामंत्री प्रवीण खेड़ा के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन में कपड़े पर 5% जीएसटी है, जबकि 250 रुपए से अधिक मूल्य के रेडिमेड कपड़ों पर 18% जीएसटी लगा दी गई है, ऐसे में कर व्यवस्था में एकरूपता लाने के लिए रेडीमेड की समस्त रेंज पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाई जाए। वैसे भी महंगाई के युग के 2500 की कैपिंग बहुत कम है। वहीं पेपर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाई है, जबकि कच्चा माल (वेस्ट पेपर) और पेपर से बने पैकिंग पर 5 प्रतिशत जीएसटी है। ऐसे में पेपर पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाकर कर की इस व्यवस्था में एकरूपता लाई जाये। इसके साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों के बैग पर जीएसटी 18 प्रतिशत है, जबकि पढ़ाई, लिखाई की अन्य वस्तुओं पर शून्य कर दिया गया है। ऐसे में स्कूल बैग पर भी जीएसटी शून्य अथवा 5 प्रतिशत की जाए ताकि पढ़ाई में काम आने वाली सभी वस्तुओं के कर में एकरूपता हो। व्यापारियों ने अपने मांग पत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार कराए जाने के साथ ही दिल्ली की तर्ज पर 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यापारियों राहत दिलाए जाने के लिए सार्थक पहल किए जाने की सरकार से मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, श्याम सिंह सैनी, स. सुलक्खन सिंह, दिनेश बंसल, अजय कुमार सिंघल, प्रवीण खेड़ा, अनिल तायल, बाबूराम मलिक, हिमांशु कौशिक समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## गलत ऑपरेशन कर युवक का जीवन बर्बाद करने का आरोप

ककरौली, 10 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने मुजफ्फरनगर स्थित एक अस्पताल के चिकित्सकों पर गलत ऑपरेशन कर उसके भाई को नपुंसक बनाने और उसका जीवन बर्बाद कर देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसके भाई को पेट में तेज दर्द की शिकायत थी, जिसके लिए लगभग एक माह पूर्व उसे मुजफ्फरनगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे हर्निया का ऑपरेशन करने की सलाह दी, जिसके बाद एक चिकित्सक को बुलाकर उसका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद पीड़ित युवक के निजी अंग के पास एक गांठ बन गई और उसे तेज दर्द होने लगा चिकित्सकों ने दवाई से दर्द ठीक होने का आश्वासन दिया, लेकिन अस्पताल से छुट्टी के बाद भी दर्द बढ़ता गया। लगभग एक सप्ताह बाद युवक की हालत बिगड़ने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार न होते देख एक सप्ताह पूर्व मरीज को दो अन्य अस्पताल में जांच के लिए ले जाया गया। जांच में पता चला कि ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया था और निजी अंग के पास की नस काट दी गई थी। चिकित्सकों ने बताया कि गलत आपरेशन से निजी अंग के नीचे का एक हिस्सा गल चुका है और जान बचाने के लिए निकालना जरूरी है। जान बचाने के लिए पीड़ित का तुरंत दूसरा ऑपरेशन करके गला हुआ हिस्सा निकाल दिया गया, लेकिन चिकित्सकों के अनुसार अब वह नपुंसक हो गया हैं, जिसके बाद पीड़ित के भाई ने हर्निया का आपरेशन करने वाले चिकित्सकों और प्रबंधन से मामले की शिकायत की। आरोप है कि शिकायत पर उसके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच की गई, जिस पर पीड़ित के भाई ने मुख्य चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और नई मंडी थाने में प्रार्थना पत्र देकर चिकित्सकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



## संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत के आरोप में जेई व टीजी 2 कर्मचारी को पुलिस ने भेजा जेल

चरथावल, 10 सितम्बर (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली में रंजिशन संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत के आरोप में पुलिस ने रोहाना तिराहे से एक किलोमीटर दूर दधेडू रोड से जेई व टीजी-2को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए जेई व टीजी 2 कर्मचारी को जेल भेज दिया है। इस मामले में मृतक के भाई ने जेई व टीजी-2 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव दूधली निवासी सोहनवीर ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया था कि उसका भाई जितेंद्र दूधली बिजलीघर पर संविदाकर्मी लाइनमैन था। बिजलीघर पर तैनात जेई राजकुमार शराब पीने का आदी था, जिसे मृतक जितेंद्र ने कई बार बिजलीघर पर शराब पीने से मना किया था। आरोप है कि सात सितंबर को भी मृतक ने बिजलीघर पर शराब पीने से मना किया था, जिस पर जेई ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी, जिसका गांव के लोगो ने बीच-बचाव किया था।

आठ सितंबर की सुबह विद्युत उपभोक्ता सुबोध पुत्र जगदीश की शिकायत पर शट डाउन लेकर बिजलीघर के निकट खम्भे पर चढ़कर टूटा तार जोड़ रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते जेई राजकुमार ने अपने सहकर्मी टीजी-२ अरुण कुमार से जानबूझकर लाइन में करंट छुड़वा दिया था, जिससे करंट लगने से लाइनमैन की मौत हो गयी थी। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सोहनवीर ने जेई राजकुमार व टीजी-2 अरुण कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयकिशोर व हेड कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह ने दोनों आरोपितों जेई व टीजी 2 कर्मचारी को रोहाना तिराहे से एक किलोमीटर दूर दधेडू की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मुजफ्फरनगर की अविशी गोयल ने शुरू किया पर्यावरण हितैषी उद्यम, मंदिरों के फूलों व गन्ने के रेशों से बन रहीं अगरबत्तियाँ



राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर, हम उन वीरों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने भारत के वन, वन्यजीव और प्राकृतिक धरोहर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी कुर्बानी एक गंभीर स्मरण कराती है कि प्रकृति की देखभाल केवल एक कर्तव्य नहीं है, बल्कि एक नैतिक आह्वान है। इसी समर्पण और साहस की भावना में, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक उल्लेखनीय पहल ने जड़ें जमा ली हैं- नारायणी, जिसकी स्थापना अविशी गोयल ने की है, एक प्रतिभाशाली और सामाजिक रूप से जागरूक कक्षा 12 की छात्रा जो इस दिन के आदर्शों को मूर्त रूप देती है । एक उम्र में जब अधिकांश लोग अभी अपना रास्ता खोज रहे होते हैं, अविशी ने पहले ही अपना रास्ता चुन लिया है - एक जो आध्यात्मिकता, स्थिरता और सामाजिक प्रभाव को मिलाती है । नारायणी के लिए अविशी की दृष्टि साहसिक और गहन विचारशील है। उन्होंने मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले प्रसाद से उत्पन्न कचरे को नई जिंदगी देने का एक तरीका पुनर्कल्पित किया है। उनकी नेतृत्व में, नारायणी मंदिर के फूलों और गन्ने के रेशे जैसे पदार्थों को जो अन्यथा फेंक दिए जाते हैं - हस्तनिर्मित अगरबत्ती में बदल देती है। लेकिन यह पहल पर्यावरण संरक्षण से परे है। यह स्थानीय महिला कारीगरों को सशक्त बनाती है, उन्हें आजीविका, गरिमा और भारत की आध्यात्मिक और पारिस्थितिक परंपराओं से फिर से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। अविशी की यात्रा को वास्तव में प्रेरणादायक बनाने वाली बात यह है कि इतनी कम उम्र में सामाजिक उद्यमिता की दुनिया में कदम रखने के लिए साहस की आवश्यकता थी। इसके लिए न केवल प्रतिभा की आवश्यकता है, बल्कि हृदय, लचीलापन और परिवर्तन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता भी चाहिए - जो सभी अविशी में प्रचुर मात्रा में हैं। अविशी ने साबित कर दिया है कि उम्र प्रभाव के लिए कोई बाधा नहीं है, और सच्ची नेतृत्व दया और उद्देश्य से शुरू होती है। नारायण का शुभारंभ राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर कोई संयोग नहीं है - यह प्रतीकात्मक है। जैसे हमारे वन शहीदों ने पृथ्वी की रक्षा के लिए अपने प्राण दिए, अविशी एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती है जो उस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उठ खड़ी हुई है। उनका काम एक सुगंधित स्मरण दिलाता है कि प्रकृति के प्रति भक्ति कई रूप ले सकती है और छोटे-छोटे कार्य भी, जो देखभाल और साहस में निहित होते हैं, परिवर्तन के आंदोलनों में खिल सकते हैं।



## नेपाल में फंसे लोगों की वापसी की उठी मांग, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)। संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को समिति संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। देश के प्रधानमंत्री के नाम डीएम के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में संघर्ष समिति के व्यापारियों ने मुजफ्फरनगर शहर के दस लोगों के नेपाल में फंसे होने की बात करते हुए उनकी सकुशल भारत वापसी कराने की मांग की। संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बीते 8 सितम्बर को नेपाल श्री पशुपति नाथ जी, मुक्तिनाथ जी की यात्रा के लिए भाजपा नेता सुनील तायल समेत 10 लोग वहां गए थे। समिति ने बताया कि वर्तमान में उक्त लोग काठमांडू के होटल अन्नपूर्णा पैलेस में फंसे हुए हैं, जहां के हालात बहुत खराब है। कृष्ण गोपाल मित्तल के अनुसार इन लोगों का सामान हड़बड़ी में गिर गया था, जिसमें अन्य सामानों के साथ नकदी आदि भी गिर गई और वर्तमान में उक्त लोग बड़े डरे-सहमे हैं। ऐसे में उनकी घर वापसी की सरकार द्वारा जल्द व्यवस्था की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष संजय मिश्रा, राकेश त्यागी, स. बलविन्द्र सिंह, रमन शर्मा, रवि शर्मा, विजय प्रताप सिंह, शलभ गुप्ता, सुरेन्द्र मित्तल, तरुण मित्तल, भूपेन्द्र गोयल, ब्रज किशोर गुप्ता, सुखबीर सिंह, सचिन शर्मा समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम का समापन



मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बुस.)। जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिये 18 अगस्त 2025 चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम का आज समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों तथा तकनीकी एवं व्यावहारिक शिक्षा की महत्ता से अवगत कराना रहा। सचिव अनुभव कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ एक योग्य इंजीनियर बनाना भी है। आपका लक्ष्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि आपको खुद को ऐसा इंजीनियर बनाना है, जो समाज और देश के विकास में योगदान दे सके। कॉलेज की ओर से आपको नवीनतम प्रयोगशालाएँ, अनुभवी प्राध्यापक, इंडस्ट्री इंटरेक्शन, शोध के अवसर और नवाचार को बढ़ावा देने वाला वातावरण मिलेगा। अपनी क्षमताओं को पहचानें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। कॉलेज प्रशासन और शिक्षकगण हर कदम पर आपके साथ हैं। निदेशक-डॉ. सिद्धार्थ शर्मा के अनुसार यह केवल एक कॉलेज नहीं बल्कि आपके सपनों और करियर को आकार देने का केंद्र है। इंजीनियरिंग की शिक्षा आपको तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के साथ-साथ आपकी सोचने-समझने की क्षमता और समस्या समाधान कौशल को भी विकसित करती है। आप यहाँ के हर अवसर का उपयोग करेंगे, अनुशासन और मेहनत को जीवन का हिस्सा बनाएँगे तथा तकनीक का प्रयोग मानवीय कल्याण के लिए करेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि आप सब इस कॉलेज का नाम रोशन करेंगे और अपने परिवार व समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर इं. ऋचा तिवारी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपका यह नया सफर जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। कॉलेज केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व क्षमता को निखारने का मंच है। यहाँ आपको विभिन्न तकनीकी गतिविधियों, वर्कशॉप्स, प्रोजेक्ट्स और सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़ने के अवसर मिलेंगे। इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान विभिन्न विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को विभागीय गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान के अवसरों, स्टार्ट-अप संस्कृति और करियर गाइडेंस से संबंधित जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स, कल्चरल एक्टिविटीज और टेक्निकल सोसाइटीज से भी परिचित कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए और कॉलेज जीवन की नई शुरूआत पर उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## बीकानेर में कांग्रेस नेता के घर तड़के 4 बजे चलीं 7 गोलियां, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

बीकानेर, 10 सितंबर (एजेंसी)। राजस्थान के बीकानेर में कांग्रेस नेता धनपत चायल और उनके भाई व्यापारी सुखदेव चायल के घर पर बदमाशों ने गोलियों की बौछार कर सनसनी फैला दी। देर रात करीब 4 बजे हुई इस वारदात में बदमाशों ने करीब सात राउंड फायरिंग की। फायरिंग से घर के कांच टूट गए और दरवाजों व दीवारों पर गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर ली है। उसने लिखा कि यह सिर्फ एक छोटी सी चेतावनी है, आगे अगर बात नहीं मानी गई तो सीधे सीने में गोली मारी जाएगी। पोस्ट में हैरी बॉक्सर और उसके साथी सुंदर हंसी ने मिलकर इस हमले को करवाने की बात कबूल की है। घटना के तुरंत बाद एडिशनल एसपी सौरभ तिवाड़ी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोलियों के निशान और अन्य साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में हेलमेट पहने दो युवक बाइक पर आते और फायरिंग करते दिखे हैं। फुटेज में गोलियों की आवाज भी सुनाई दी है। धनपत चायल ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास एक फोन आया था। कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया और 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। उसने यह भी धमकी दी थी कि परिवार की हर गतिविधि पर उसकी नजर है और रकम नहीं दी गई तो जान से मार दिया जाएगा। इसी बीच पुलिस की कार्रवाई भी तेज हुई है। बीकानेर जिले के लूणकरणसर क्षेत्र में पुलिस ने रोहित गोदारा के पैतृक घर पर दबिश दी और परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान कई थानों की पुलिस और भारी फोर्स मौके पर मौजूद रही।

## ब्लाक प्रमुख ने पीड़ित परिवार को दो लाख रुपये की मदद की घोषणा की



चरथावल, 10 सितम्बर (बु.)। ग्राम दूधली में करंट लगने से हुई संविदा कर्मचारी की मौत की सूचना पर सांत्वना देने पहुंचे ब्लाक प्रमुख अक्षय पुंडीर ने पीड़ित परिवार को दो लाख रुपये की मदद की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह दुःखद घटना है। अकस्मात ही इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दूधली निवासी जगवीर सिंह के पुत्र जितेंद्र उर्फ बारु की ऊर्जा निगम के कर्मचारियों की लापरवाही से उस समय करंट लगने से मौत हो गयी थी, जब वह खम्भे पर चढ़कर लाइन को ठीक कर रहा था, तभी एसएसओ द्वारा विद्युत प्रवाह छोड़ दिया गया, जिससे लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया था। लाइनमैन की मौत की सूचना पर पहुंचे ब्लाक प्रमुख अक्षय पुंडीर ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए अपनी ओर दो लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम सबको पीड़ित परिवार की मदद को आगे आना चाहिए।

## हेमामालिनी वृंदावन की भीषण बाढ़ देखने निकलीं, बच्चे को गोद में उठाया, पीड़ितों को खाना परोसा



मथुरा, 10 सितंबर (एजेंसी)। यूपी में गंगा, यमुना समेत नदियों का बढ़ता जलस्तर लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं। 50% इलाका बाढ़ प्रभावित है। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भर गया। बस स्टैंड पर खड़ी बसें बाढ़ के पानी से आधी डूब गईं। सांसद हेमामालिनी वृंदावन के बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंची और हालचाल जाना। पूछा-खाना और दूध मिल रहा है कि नहीं। इसके बाद बच्चे को गोद में उठाकर दुलारा। उसके बाद मां से नाम पूछा तो बताया कृष्णा। उसके बाद रेस्क्यू किए गए पशुओं को चारा खिलाया। आगरा में हाथी घाट तक यमुना की बाढ़ पहुंच गई है। श्मशान घाट डूब गए हैं। ऐसे में लोगों को सड़क किनारे अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। 25 कॉलोनियों में बाढ़ का पानी घुसने से करीब 4000 परिवार के लोग प्रभावित हो गए हैं। सोमवार को किला घाट पर सड़क पर जलभराव के बीच एक घोड़ा गाड़ी पलट गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। वहीं मध्य प्रदेश से 14 फीट लंबा मगरमच्छ बहकर सोनभद्र पहुंच गया। वन विभाग ने मगरमच्छ को रेस्क्यू किया। कानपुर के 12 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। इससे 4000 से अधिक परिवार प्रभावित हो गए हैं। 38 जिलों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें से 5 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटे में प्रदेश में 2.6 मिमी बारिश हुई। यह मौसम विभाग के औसत अनुमान 5.9 मिमी से 56% कम है। वहीं, मानसून सीजन में अब तक 647.5 मिमी बारिश दर्ज हुई है। यह औसत अनुमान 647.3 मिमी के बराबर है। यानी अब तक प्रदेश में कोटे की बारिश पूरी हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 5 दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

## चरथावल पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय चोर हुआ घायल





चरथावल, 10 सितम्बर (बु.)। पुलिस और शातिर चोर के बीच देर रात मुठभेड़ हो गयी, जिसमें पुलिस की गोली लगने से अन्तर्जनपदीय शातिर चोर घायल हो गया, जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, एक जिंदा और खोखा कारतूस, एक मोबाइल और नकदी बरामद की है। वहीं पुलिस ने घायल को अस्पताल भर्ती कराया। मुठभेड़ की सूचना पर पहुंचे सीओ सदर डॉ. रविशंकर ने मामले की जानकारी ली। देर रात्रि एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति चैकिंग अभियान के तहत सीओ सदर डॉ. रविशंकर के निर्देशन में चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार, सब इंस्पेक्टर परविन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल सोनू सिरोही, हेड कांस्टेबल अजीत कुमार, अर्जुन सिंह, कांस्टेबल राहुल कुमार आदि पुलिस टीम द्वारा चोकड़ा तिराहे पर न्यामू जाने वाले मार्ग पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो वह बाइक को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, जिससे उसकी बाइक फिसल गयी और वह बाइक छोड़कर पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागने लगा, जिस पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी करते हुए जवाबी फायरिंग की, तो बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसकी पहचान कल्लू उर्फ तस्लीम उर्फ जनरेटर पुत्र जाहिद निवासी कुटेसरा थाना चरथावल के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ में उनसे एक बाइक, 2150 रुपये की धनराशि और मोबाइल फोन अलग अलग स्थानों से चोरी करना कबूल किया। घायल शातिर चोर को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराते हुए वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी। सीओ सदर डॉक्टर रविशंकर ने बताया कि घायल बदमाश एक अंतर्जनपदीय बदमाश है, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्जनों से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त कल्लू उर्फ तस्लीम उर्फ जनरेटर द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा यह मोटरसाइकिल मुजफ्फरनगर शहर से चुराई गई थी तथा ग्राम कसौली के जंगल से 1 बिजली की मोटर चुराई थी, जिसे उसने 2 दिन पहले एक कबाड़ी को 2700 रुपये में बेच दिया था, उन्हीं पैसों में से बचे हुऐ पैसे उसके पास से बरामद हुए हैं तथा बरामद मोबाईल मैंने अपने 1 साथी के साथ मिलकर थानाक्षेत्र बड़गांव से चोरी किया था।

## मोटापे पर डब्ल्यूएचओ का बड़ा कदम, दवाइयों की लिस्ट की जारी

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। दुनिया भर में मोटापा अब एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। इसे नियंत्रित करने के लिए बाजार में कई तरह की दवाइयां उपलब्ध हैं। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन दवाइयों को अपनी ईएमएल में जगह दी है। यह फैसला न सिर्फ हेल्थकेयर सेक्टर बल्कि आम लोगों की जिंदगी पर भी असर डाल सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह सूची 150 से ज्यादा देशों में अपनाई जाती है, जिनमें भारत भी शामिल है। इस लिस्ट में आने वाली दवाइयों को खरीदने, सप्लाई करने और हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम से जोड़ने में आसानी होती है। अगर भारत इस लिस्ट को अपनाता है, तो इन महंगी दवाइयों की कीमतों में भारी कमी आ सकती है और ज्यादा लोगों तक इनकी पहुंच हो सकेगी। संगठन ने राय देते हुए बताया कि इन दवाइयों की कीमत बहुत ज्यादा है, जिससे आम लोगों तक इनकी पहुंच मुश्किल हो रही है। इनका सबसे ज्यादा फायदा उन्हीं लोगों को मिलना चाहिए जिन्हें इसकी वास्तव में जरूरत है। कीमत घटाने के लिए जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में भी इन दवाइयों की उपलब्धता जरूरी है, खासकर उन जगहों पर जहां मेडिकल सुविधाएं कम हैं। आपको बता दें कि 1990 में भारत में करीब 53 मिलियन लोग ओवरवेट या मोटापे से ग्रसित थे। 2021 तक यह संख्या बढ़कर 235 मिलियन हो चुकी है। अनुमान है कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए तो 2040 तक यह संख्या 520 मिलियन तक पहुंच सकती है।

